प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में 4 सौ 19 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से सामाजिक बदलाव व राष्ट्र निर्माण का वाहक बनने का किया आह्वान।
- प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा का आरोप–देश भर में संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही कांग्रेस।
- रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदलाल का निधन– कल होगा अंतिम संस्कार।
  और
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना के लिए राज्य सरकार प्रयासरत।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिला के चुवाड़ी से भटियात विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 सौ 19 करोड़ 90 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर चुवाड़ी में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले माह से मुख्यमंत्री का अपना परिवार सुखी परिवार योजना शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत गरीब परिवारों की पात्र महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा लाभार्थियों को 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली और स्वास्थ्य बीमा कार्ड के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना से भटियात क्षेत्र के लगभग 10 हज़ार पात्र परिवारों की 20 हज़ार महिलाएं लाभान्वित होंगी।

मुख्यमंत्री ने चुवाड़ी में सिविल कोर्ट और स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्र में सीबीएसई संबद्ध स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 10 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता की घोषणा भी की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात क्षेत्र को करोड़ो रुपये की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने चम्बा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित किया है।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से सामाजिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण का वाहक बनने का आह्वान किया है। हमीरपुर में आज एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने शैक्षणिक ज्ञान को सामाजिक आवश्यकताओं और राष्ट्रीय विकास से जोड़ने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों को कृषि, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण प्रौद्योगिकी व उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि शैक्षणिक ज्ञान को स्थानीय आवश्यकताओं व जनकल्याण से जोड़ा जा सके। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति व जड़ों से जुड़े रहने और शिक्षा का उपयोग सामाजिक चुनौतियों से समाधान के लिए करने का आह्वान भी किया।

राजेंद्र राणा

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि कांग्रेस देशभर में संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढ़ रही है और लोकतंत्र में जनता के भरोसे को तोड़कर अराजकता फैला रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल कुर्सी और सत्ता चाहिए, देश की उन्नति नहीं। राजेंद्र राणा ने कहा कि यही मॉडल श्रीलंका और बांग्लादेश में अपनाया

गया था और हिमाचल को भी कांग्रेस ने इसकी प्रयोगशाला बना दिया है, जहां श्रीलंका–बांग्लादेश मॉडल टेस्ट हो रहा है, और कांग्रेस पूरे देश में इसे लागू करने का सपना देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में 10 झूठी गारंटियों के नाम पर जनता से जो वायदे किए, वो अब तक पूरे नहीं हुए और प्रदेश का खजाना खाली कर दिया। राणा ने कहा कि अपनी नाकामियों को छिपाने और जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए खुद वोट चुराने वाली कांग्रेस अपनी ही पूर्व सरकारों के समय की इस व्यवस्था पर बेमतलब हल्ला मचा रही है।

निधन नंदलाल

रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और 7वें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल का आज सुबह शिमला स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाना में निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे और पिछले लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। नंदलाल के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन लाया गया, जहां मंत्रियों व विधायकों सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार कल रामपुर में किया जाएगा। अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य पार्टी नेता भी शामिल होंगे।

इस बीच राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित अन्य नेताओं ने विधायक नंदलाल के निधन पर गहरा शोक जताया है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि हिमाचल देश का प्रमुख फार्मास्यूटिकल हब है और प्रदेश में बड़े स्तर पर दवाओं का उत्पादन किया जा रहा है। राजेश धर्माणी ने कहा कि दवा उत्पादन के साथ–साथ अन्य सहायक उद्योग भी विकसित हो रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि हिमाचल में बेहतर स्वास्थ्य इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक अग्रणी राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियां कार्यरत हैं और यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च स्थापित करने की आवश्यकता है। इस संस्थान की स्थापना से दवा क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, उद्योग व शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

राकेश जम्वाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने राज्य सरकार पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान का सीधा असर गरीब, मध्यमवर्गीय, बुजुर्ग और दूरदराज के क्षेत्रों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। राकेश जम्वाल ने प्रदेश में सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में करना डायग्नोस्टिक्स की जांच सेवाएं बंद होने संबंधी खबरों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने करीब एक सौ 10 करोड़ का लंबित भुगतान होने के चलते स्वास्थ्य संस्थानों में सैंपल कलैक्शन सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है, जिससे मरीजों को जांच करवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यशाला

स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ किताबों से जोड़ने और उनमें पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिले के शिक्षकों के लिए नाहन में 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में लाइब्रेरी के बेहतर प्रबंधन के साथ–साथ बच्चों को लाइब्रेरी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल करना रहा। कार्यशाला प्रभारी मुनेश ने बताया कि जिले के सभी 16 शिक्षा खंडों से दो–दो शिक्षकों को इस प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में 4 सौ 19 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से सामाजिक बदलाव व राष्ट्र निर्माण का वाहक बनने का किया आह्वान।
- प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा का आरोप–देश भर में संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही कांग्रेस।
- रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदलाल का निधन– कल होगा अंतिम संस्कार।

और

- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा– नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना के लिए राज्य सरकार प्रयासरत।